WWW.MEERUTDARPAN.COM You Tube/meerut darpan news
mrtdarpan@gmail.com Whatsapp:- 9897419837 RNI NO. UPHIN 2016/69845

# दैनिक मेरठ दर्पण

वर्षः 05 अंक 344 मेरठ,शुक्रवार 02 जुलाई, 2021, पृष्ठ 4, मूल्य 1 रूपया आईना सच का.........




# आईपीएस मुकुल गोयल के यूपी के डीजीपी बनने पर उनकी माता ने जताई प्रसन्नता, मुजफ्फरनगर में खुशी की लहर



**अमरदीप वर्मा की खास रिपोर्ट**

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक हितेश चंद्र अवस्थी के सेवानिवृत्त के बाद मुजफ्फरनगर के रहने वाले 1987 बैच के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी मुकुल गोयल को उत्तर प्रदेश पुलिस महानिदेशक की कमान सौंपी गई है मुकुल गोयल मूल रूप मुजफ्फरनगर वर्तमान शामली जनपद के रहने वाले हैं। जिनका जन्म 22 फरवरी 1964 में शामली में हुआ था आई.पी.एस. अधिकारी मुकुल गोयल की प्रारंभिक शिक्षा शामली में हुई मुकुल गोयल आई.आई.टी. दिल्ली से बीटेक हैं और एमबीए भी हैं। मुकुल गोयल के पिता महेंद्र कुमार गोयल बिहार में खनन विभाग में अधिकारी के पद पर तैनात थे जनपद मुजफ्फरनगर के थाना नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के भारतीय कॉलोनी में उनका निजी आवास है जहां उनकी माता हेमलता अकेली रहती है तेज तर्रार आई.पी.एस. अधिकारी मुकुल गोयल के उत्तर प्रदेश का डीजीपी बनने की सूचना जैसे ही मुजफ्फरनगर में लगी तो मुजफ्फरनगर में खुशी की लहर दौड़ गई जिसके बाद उनकी माता जी को बधाई देने के लिए उनके रिश्तेदार और अन्य शुभचिंतकों ने उन्हें मिठाइयां खिलाकर खुशी का इजहार किया गुरुवार की सुबह मीडिया से बात करते हुए श्रीमती हेमलता ने कहा क्यों से बहुत खुशी है अगर किसी का बेटा इतने बड़े पद पर पहुंचता है तो खुशी तो होगी ही उन्होंने बताया की मुकुल गोयल बेहद ही सरल स्वभाव और मिलनसार व्यक्ति हैं इसके अलावा वह बचपन से ही मेहनती भी है जिन्होंने अपनी मेहनत के बल पर आज इतना बड़ा मुकाम हासिल किया है गौरतलब है कि तेजतर्रार आईपीएस अधिकारी मुकुल गोयल अपने कार्यकाल में अमरोहा, जालोन, मैनपुरी, हाथरस, आजमगढ़ के एसपी और वाराणसी, गोरखपुर, सहरानपुर और मेरठ जिलों के एस.एस.पी. रह चुके हैं। मुकुल गोयल का सन 2004 में डीआईजी के पद पर प्रमोशन हुआ तक जो कानपुर, आगरा, बरेली रेंज के डीआईजी और 2009 में आईजी के पद पर प्रमोटिड होने के बाद बरेली जोन के आई.जी के पद भी रह चुके हैं से मुकुल गोयल आईटीबीपी, बीएसएफ, एनडीआरएफ में भी काम कर चुके हैं।



नवनियुक्त यूपी के डीजीपी मुकुल गोयल जी की माता प्रसन्नता जताते हुए

यूपी में एडीजी रेलवे, सी.बी.सी.आई.डी. और अखिलेश यादव की सरकार में सितंबर 2013 से मई 2015 तक यूपी के एडीजी लॉ एंड ऑर्डर भी रह चुके हैं। मुकुल गोयल गैलेंट्री अवार्ड व ग्रह मंत्रालय से अति उत् ष्ट सेवा पदक सहित कई अवार्ड भी प्राप्त कर चुके है।

## सफाई कर्मियों की समस्याओ का निस्तारण प्राथमिकता पर कराया जायेगा : अध्यक्ष राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग के अध्यक्ष एम0 वेंकटेषन ने जनपद का दौरा कर सफाई कर्मियों की कालोनियों का निरीक्षण किया। सर्किट हाउस में अधिकारियों व सफाई कर्मियों के साथ बैठक की व मीडिया से वार्ता की। उन्होने रोहटा रोड़ व सूरजकुण्ड रोड स्थित वाल्मीकि बस्ती का निरीक्षण किया। शहीद स्मारक पर जाकर शहीद स्तूप व मंगल पाण्डे जी की मूर्ति पर माल्यार्पण किया व हस्तिनापुर में जाकर पाण्डेंष्वर मंदिर व कर्ण मंदिर के दर्षन किये। उन्होने कहा कि सफाई कर्मियों की समस्याओ का निस्तारण प्राथमिकता पर कराया जायेगा। अध्यक्ष राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग एम0 वेंकटेषन ने रोहटा रोड़ व सूरजकुण्ड रोड स्थित वाल्मीकि बस्ती का निरीक्षण किया। उन्होने वहां आमजन को 500 से अधिक मॉस्क वितरित किये तथा लोगो से हाल चाल जाना व उनसे विकास कार्यो व शुद्ध जलापूर्ति के बारे में पूछा। उन्होने वार्ड 58 निकट वाल्मीकि बस्ती धर्मषाला सूरजकुण्ड में पौधारोपण भी किया। उन्होने शहीद स्मारक पर जाकर शहीद स्तूप पर व मंगल पाण्डे जी की मूर्ति पर माल्यार्पण कर शहीदो को नमन किया। अध्यक्ष राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग एम0 वेंकटेषन ने सर्किट हाउस में अधिकारियों, सफाई कर्मियो के साथ बैठक की। बैठक के दौरान उन्होने कहा कि सफाई कर्मियों की जो भी समस्याएं है उनका निस्तारण प्राथमिकता पर कराया जायेगा तथा सभी सरकारी अनुमन्य योजनाओ का लाभ उन्हें दिलाया जायेगा। जिलाधिकारी के0 बालाजी ने कहा कि संविदा सफाई कर्मियो की नियमितीकरण, उनके कार्य करने के समय व अवकाश अनुमन्य होने के संबंध में वह नगरायुक्त व अन्य नगर निगम अधिकारियो के साथ वार्ता करेंगे तथा सफाई कर्मियों की समस्याओ का निदान प्राथमिकता पर सुनिष्चित करायेंगे। उन्होने कहा कि श्रम विभाग की गाईडलाईन के अनुसार कार्य हो यह सुनिष्चित कराया जायेगा तथा अन्य सुविधाओ का लाभ भी सफाई कर्मियो को दिलाये जाने पर वार्ता की जायेगी।

## महाराजा अग्रसेन सेवा समिति द्वारा मुकुल गोयल के डीजीपी बनने पर पत्र भेजकर दी बधाई



**मेरठ दर्पण-बागपत।** महाराजा अग्रसेन सेवा समिति रजि जनपद बागपत के द्वारा मुकुल गोयल आईपीएस के उत्तर प्रदेश के डीजीपी बनने पर पत्र भेजकर बधाई दी। समिति के प्रदेशाध्यक्ष डॉ राजीव गुप्ता द्वारा बताया गया कि मुकुल गोयल के डीजीपी बननै पर संगठन में खुशी की लहर है, संगठन ने आनलाईन बैठक कर एक दूसरे को बधाई दी है ओर नवनियुक्त डीजीपी को एक पत्र प्रेषित कर बधाई दी गयी है, उन्होंने ये भी कहा कि नवयुवकों को नवनियुक्त डीजीपी से शिक्षा लेनी चाहिए। समिति के प्रदेश संयोजक अमित अग्रवाल ने कहा कि मुकुल गोयल समाज के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत हैं। समिति के बागपत जिलाध्यक्ष राममोहन गुप्ता ने कहा कि ये समाज के लिए गौरव की बात है समाज का बेटा उन्नति करते हुए इस विभाग के सर्वोच्च पद पर पहुंचा है। आनलाईन मिटिग में खुशी का इजहार करने वालों में संगठन के संरक्षक युगल किशोर गर्ग, सत्यपाल अग्रवाल, डा योगेश जिन्दल, शिवम तायल, संजीव तायल, नितिन गुप्ता, मुदित गुप्ता, विपिन माहेश्वरी आदि सामिल है।

## बाईपास स्थित होटल पर छापा मारकर देह व्यापार पकड़ा



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** कंकरखेड़ा थाना क्षेत्र में हाईवे स्थित एक होटल पर एएचटीयू व कंकरखेड़ा पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्रवाई कर छापा मारा। देह व्यापार सूचना पर पुलिस होटल पर पहुंची और पुलिस ने मौके से आठ युवक, एक महिला और दो लड़कियों को पकड़ा। पुलिस आरोपियों को एएचटीयू थाने ले आई।

## विधायक ने ग्राम गगोल में क्रीडा स्थल में निर्माण कार्य का किया भूमि पूजन

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** मेरठ ब्लॉक के ग्राम गगोल में मेरठ दक्षिण विधायक डॉ. सोमेन्द्र तोमर ने अधिकारियों के साथ ग्राम में प्रस्तावित क्रीड़ा स्थल का भूमि पूजन किया। ग्रामवासियो द्वारा कई बार विधायक सोमेन्द्र तोमर से ग्राम में क्रीड़ा स्थल में निर्माण कराने की मांग की जा रही थी। ग्रामवासियों ने क्रीड़ा स्थल में निर्माण कार्य प्रारंभ कराने पर विधायक डॉ. सोमेन्द्र तोमर को धन्यवाद दिया और उनका फूल माला पहनाकर उनका स्वागत किया। क्रीड़ा स्थल में चारो ओर बाउंडरी की जाएगी उसके बाद यहाँ खेल का सामान, ओपन जिम, कम्युनिटी हाल, बैडमिंटन कोर्ट आदि सुविधायें ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं के लिए उपलब्ध हो सकेंगी। विधायक डॉ. सोमेन्द्र तोमर ने कहा कि क्षेत्र का विकास उनकी प्राथमिकता है कोरोना महामारी के कारण विकास कार्यों कुछ धीमी गति से हुए है परंतु अब विकास कार्यों में तीव्रता आएगी।



क्षेत्रवासियों द्वारा जो भी सुझाव मिलेंगे उन पर कार्य कराया जाएगा। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य प्रदीप कुमार उर्फ गुड्डू गगोल, ग्राम प्रधान राजपाल, जगरूप प्रधान, धनपाल मास्टर, सौदान सिंह, सूबेदार विक्रम सिंह, ओमकार, सतवीर प्रमुख, नीलम सिंह, युवा गुर्जर विकास समिति अध्यक्ष अंकित पहलवान, रविन्द्र गुर्जर, पुनीत, जितेन्द्र पहलवान, रामफल, बीडीओ दीपक तेवतिया, एडीओ पंचायत बिसन सक्सेना, ग्राम सचिव अंशुल कुमार आदि मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी ने न्यूट्रिमा अस्पताल में किया ऑक्सीजन जेनरेशन प्लांट का उद्घाटन



**मेरठ दर्पण–मेरठ।** जिलाधिकारी के बालाजी ने न्यूट्रिमा अस्पताल में ऑक्सीजन जेनरेशन प्लांट का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि ऑक्सीजन प्लांट शुरू होने से आमजन को सहूलियत होगी तथा उन्हें प्रचुर मात्रा में ऑक्सीजन उपलब्ध होगी। जिलाधिकारी ने न्यूट्रिमा अस्पताल द्वारा यह पुनीत कार्य प्रारंभ करने पर उनके चिकित्सको व प्रबंधकों को बधाई व शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर न्यूट्रिमा अस्पताल के डा0 अजय उपाध्याय, प्रबंधकगण व अन्य चिकित्सक उपस्थित रहे।

## वन महोत्सव सप्ताह की शुरुआत



**मेरठ दर्पण–मेरठ।** वन महोत्सव सप्ताह की शुरुआत की गई। मेरा शहर मेरी पहल तथा सहोदय संस्था ने गांवड़ी गांव में काली नदी के किनारे सफाई कार्यक्रम की शुरुआत की तथा साथ ही वहां पर पौधारोपण भी प्रारंभ किया। प्रदेश की जनता से अपेक्षा की गई कि वह अपने आस पास अधिक से अधिक पौधरोपण करे तथा उनका आने वाले तीन से पांच साल तक इन पौधों का रख रखाव भी करें। इस मौके पर मेरा शहर मेरी पहल के कोषाध्यक्ष एस के शर्मा, को ऑर्डिनेटर अंकुश चौधरी, विपुल सिंघल तथा सहोदय से डॉ विनय गुप्ता मौजूद रहे।

## 04 जुलाई को जनपद में 30 लाख से अधिक पौधो का रोपण किया जायेगा: जिलाधिकारी



**मेरठ दर्पण–मेरठ।** जिलाधिकारी के0 बालाजी ने आज सर्किट हाऊस मे पौधारोपण कर जनपद में वन सप्ताह का शुभारंभ किया। उन्होने कहा कि सभी को आगे आकर पौधारोपण करना चाहिए। उन्होने कहा कि पेड़ जलवायु परिवर्तन में सहायक है व मानव जीवन के लिए उपयोगी है। उन्होने कहा कि वृक्ष धरती का गहना है। उन्होने बताया कि आगामी प्रस्तावित 04 जुलाई को जनपद में 30 लाख से अधिक पौधो का रोपण किया जायेगा, जिसके लिए विभिन्न विभागो को पौधा रोपण का लक्ष्य दिया गया है। इस अवसर पर वन विभाग व अन्य विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## एनवायरमेंट क्लब ने शुरू किया चलो मिलकर एक पौधा रोपें अभियान, अगले चार माह तक लगाए जाएंगे कई पेड़




**मेरठ दर्पण–मेरठ।** एनवायरमेंट क्लब की ओर से वन महोत्सव 2021 का शुभारंभ सर्किट हाउस मेरठ से किया गया जिसमें क्लब टीम ने महुआ, सागुन, जामुन, अमरूद आदि के पेड़ लगाएं। क्लब के संस्थापक सावन कन्नौजिया ने बताया कि अगले 4 माह तक क्लब की ओर से अधिकाधिक पौधरोपण किया जाएगा और पूर्व में लगाए गए पेड़ों के विकास देखने के लिए भी टीम जाएगी। क्लब की ओर से आज ष्चलों मिलकर एक पौधा रोपेंष अभियान भी शुरू किया गया। आज मुख्य रूप से सावन कन्नौजिया, काजल, आशीष बिष्ट, पलक नामदेव, प्रियांशु पटरेवाल, आयुष नंदा आदि मौजूद रहे।

# अखिलेश यादव की दीर्घायु होने की कामना की



**मेरठ दर्पण–बागपत।** सपा कार्यकर्ताओं ने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का 48 वा जन्म दिवस बड़ौत शहर में हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस दौरान सभी कार्यकर्ताओ ने एक साथ मिलकर केक काटा और सभी को अखिलेश यादव के जन्मदिन की बधाइयां दी। इस दौरान उन्होंने गरीबों को फल वितरित किए और गौशाला में जाकर गाय को हरा चारा भी खिलाया। साथ ही उन्होंने वर्ष 2022 में होने वाले विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी को भारी बहुमत से जिताने का भी संकल्प लिया। सपा नगर अध्यक्ष अंकुर जैन ने कहा कि सत्ता में बैठी वर्तमान भाजपा सरकार को 2022 में उखाड़ फेंकने का काम समाजवादी कार्यकर्ता करेंगे और फिर से दोबारा अखिलेश यादव उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री की गद्दी पर आसीन होंगे। सभासद ललित जैन ने कहा कि सपा की सरकार आने पर बेरोजगारो, गरीबों व मजदूरों को न्याय दिलाने का काम किया जाएगा। पूर्व प्रदेश सचिव विनोद कुमार ने कहा समाजवादी पार्टी व राष्ट्रीय लोकदल का गठबंधन वर्ष 2022 में एक नया इतिहास रचेगा। इस मौके पर देवेंद्र गुप्ता, राजकुमार जैन, संजय जैन, डिंपल जैन, अनस कुरैशी,मुन्ना, नवाब,अंकित जैन, हर्ष आर्य, सोनू विश्वकर्मा, सचिन जैन, किशन गोयल, प्रमोद विश्वकर्मा, बाबूराम सैनी, मोहम्मद आबिद आदि थे।

## जन जागरूकता व जन सहभागिता से विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान को सफल बनाएंः सांसद




**मेरठ दर्पण–मेरठ।** सांसद राजेन्द्र अग्रवाल ने आज नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पुलिस लाईन से प्रचार वाहनो को हरी झंडी दिखाकर विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान की शुरूआत की। उन्होने वहां अस्पताल का निरीक्षण भी किया। उन्होने कहा कि कोरोना भी एक संचारी रोग है। उन्होने कहा कि कोरोना नियंत्रण में है लेकिन पूरी तरह से समाप्त नहीं हुआ है इसलिए सभी लोग दो गज की दूरी मॉस्क है जरूरी को ध्यान में रखे। सांसद राजेन्द्र अग्रवाल ने कहा कि आमजन मॉस्क का उपयोग, सोषल डिस्टेनसिंग का पालन करें व नियमित अंतराल पर हाथ धोये या सैनेटाईजर का उपयोग करे। उन्होने कहा कि उ0प्र0 में कोरोना नियंत्रण में अच्छा कार्य हुआ है। प्रधानमंत्री के मार्गदर्षन में भारत जैसे विशाल देश में कोरोना महामारी नियंत्रण में अच्छा कार्य हुआ है। उन्होने कहा कि अभी सावधानी व सतर्कता बनाये रखना अत्यंत आवष्यक है। उन्होंने कहा कि जन जागरूकता व जन सहभागिता से विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान को सफल बनाएं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 अखिलेश मोहन ने बताया कि जनपद में 01 जुलाई से 31 जुलाई 2021 तक विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान व 12 जुलाई से 25 जुलाई 2021 तक दस्तक अभियान चलाया जायेगा। उन्होने बताया कि संवेदीकरण, जागरूकता, प्रचार–प्रसार आदि माध्यमो से अभियान को सफल बनाया जायेगा। उन्होने बताया कि जनपद में घर–घर अभियान के तहत स्टीकर चिपकाए जाएंगे व पोस्टर व बैनर भी प्रमुख स्थानों पर लगाए जाएंगे। इस अवसर पर अपर निदेषक स्वास्थ्य डा0 राजकुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 अखिलेष मोहन, जिला सर्विलांस अधिकारी डा0 अशोक तालियान, जिला मलेरिया अधिकारी डा0 सत्य प्रकाश, यूनिसेफ के डा0 हरेन्द्र कुमार सहित अन्य विभागों के अधिकारी, चिकित्सक आदि उपस्थित रहे।

# वार्ड 46 में टीकाकरण कैंप का आयोजन



**मेरठ दर्पण–मेरठ।** वार्ड 46 की पार्षद स्वाति बंसल के संयोजन में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र संजय नगर द्वारा 18 वर्ष से अधिक के लोगों के लिए बिना रजिस्ट्रेशन के टीकाकरण कैंप संजय नगर में ज्वाला माई मंदिर नाले पर लगाया गया इसका शुभारंभ कैन्ट विधायक सत्य प्रकाश अग्रवाल द्वारा फीता काटकर किया गया जिसमें काफी संख्या में लोगों ने उत्साह के साथ टीकाकरण कराया, विधायक द्वारा सभी को टीकाकरण के बाद भी मास्क व सावधानी से रहने की सलाह दी गयी, और सभी से टीकाकरण कराने के लिए आग्रह किया गया, कैंप में मंडल अध्यक्ष मुकेश धस्माना, वैद्य जेपी यादव, अमित शर्मा, आनंद चौधरी, विश्वजीत तोमर, सगवा सिंह चौहान, सुमित बंसल शंकर सिंह गहलोत, हर्ष पाल सिंह अनुज कुमार, अनुज गोयल, सचिन शाक्य, निखिल शर्मा, ओमप्रकाश सिंह चौहान, देवी सती, बसंत जोशी गौरव चौधरी, राजेंद्र सिंह, पंकज पटेल आदि लोगों का विशेष सहयोग रहा।

## वेंक्टेश्वरा संस्थान मेरठ एवं विम्स मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल गजरौला के संयुक्त तत्वाधान में चिकित्सक सम्मान समारोह का आयोजन



**मेरठ/गजरौला।** चिकित्सक दिवस डॉक्टर्स डे– 1 जुलाईऋ को वेंक्टेश्वरा संस्थान मेरठ एवं विम्स मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल गजरौला के संयुक्त तत्वाधान में कोरोना जैसी वैश्विक महामारी के विरूद्ध दिन रात मानवता की सेवा मे लगे 70 से अधिक चिकित्सको एवं पैरामेडिकल स्टॉफ को उपहार एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा हॉस्पिटल के मुख्य परिसर में चिकित्सको को देश सेवा एवं मानव स्वास्थय सेवा की शपथ दिलाकर राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। इसके साथ ही देश एवं दुनिया में कोरोना से लड़ते हुए अपनी जान गंवाने वाले चिकित्सको एवं पैरामेडिकल स्टॉफ को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि भी दी। वेंक्टेश्वरा के डॉ0 सी0वी0 रमन सभागार में आयोजित चिकित्सक सम्मान समारोह'' का शुभारम्भ कुलाधिपति डॉ0 सुधीर गिरि, प्रतिकुलाधिपति डॉ0 राजीव त्यागी कुलपति प्रो0 डॉ0 पी0के भारती एवं डीन प्रिंसीपल ब्रिगेडियर डॉ0 सतीश अग्रवाल एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ0 कर्नल प्रद्युम्मन सिंह ने सरस्वती माँ की प्रतिमा के सन्मुख दीप प्रज्जवलित करके किया। इसके बाद पिछले 80 दिनो से लगातार दिन रात कोरोना के विरूद्ध अपनी ड्यूटी पर मुस्तैद 70 से अधिक चिकित्सको को स्मृति चिन्ह व उपहार देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा प्रति–कुलाधिपति डॉ0 राजीव त्यागी ने उपस्थित चिकित्सको को समाज सेवा एवं राष्ट्र सेवा की शपथ दिलाते हुए मानव स्वास्थय को लेकर उनके योगदान को अतुल्यनीय बताया। चिकित्सक सम्मान समारोह'' को सम्बोधित करते हुए वेंक्टेश्वरा समूह के चेयरमैन डॉ0 सुधीर गिरि ने कहा कि हजारो आपदाओ एवं वैश्विक स्वास्थय संकटो समेत कोरोना जैसी महामारी के खिलाफ अपनी जान की परवाह किये बिना दिन रात डयूटी करने वाले डॉक्टर्स ने यह सही साबित कर दिखाया कि आखिर क्यूं उन्हे ''भगवान का दर्जा'' दिया जाता है। प्रतिकुलाधिपति डॉ0 राजीव त्यागी ने बताया कि आगामी 29 सितम्बर विश्व हृदय दिवस पर भगवान जैसा दिल रखने वाले देश के दूसरे हॉस्पिटल्स के चिकित्सको को भी वेंक्टेश्वरा अपने मंच से सम्मानित करेगा। इस अवसर पर कुलसचिव पीयूष पाण्डे, डीन एकेडिमिक डॉ0 संजीव भट, मेरठ परिसर निदेशक डॉ0 प्रभात श्रीवास्तव, उपनिदेशक दूरस्थ शिक्षा अलका सिंह, डॉ0 सुभाष मिश्रा, डॉ0 अतुल वर्मा, डॉ0 वी0वी0 गोसाई डॉ0 नितेश, डॉ0 दिपाली, अरूण कुमार गोस्वामी, अंजलि शर्मा, मिडिया प्रभारी विश्वास राणा आदि लोग उपस्थित रहे।

## नगर पालिका अध्यक्षा अंजू अग्रवाल के नेतृत्व में बीजेपी महिला मोर्चा ने वैक्सीन जागरूकता रैली का किया आयोजन




**ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** भाजपा महिला मोर्चा ने निकाली कोरोना टीकाकरण जन जागरूक रैली मुजफ्फरनगर महिला मोर्चा की ओर से कोविड–19 टीकाकरण अभियान चलाया गया जिसमें भाजपा जिला अध्यक्ष विजय शुक्ला चेयरमैन अंजू अग्रवाल एवं भाजपा महिला मोर्चा की पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे मुजफ्फरनगर देश को कोरोना मुक्त कराने के लिए बीजेपी की महिला मोर्चा ने लोगों को जागरुक करने का जिम्मा उठाया है। जिसके लिए वैक्सीन लगवाना बेहद जरूरी है। इसी को लेकर भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा ने वैक्सीनेशन जागरूकता रैली का आयोजन किया है। आपको बता दे कि इस कार्यक्रम में महिला मोर्चा ने लोगों का टीकाकरण करवाया और साथ ही वैक्सीनेशन की अहमियत समझाई। साथ ही कोरोना से खुद को कैसे बचाया जा सके इसके प्रति जागरुक भी किया।वहीं, इस दौरान जिला अध्यक्ष विजय शुक्ला, महामंत्री सुषमा पुंडीर, मंत्री रेणु गर्ग ,मीडिया प्रभारी अचिंत मित्तल, नगर पालिका चेयरमैन अंजू अग्रवाल सहित महिलाएं और पार्टी कार्यकर्ता एवं स्टेनो अध्यक्ष श्री गोपाल त्यागी और प्रमुख समाजसेवी प्रेस फोटोग्राफर एसके बिट्टू आदि भी उपस्थित रहे।

## अखिलेश यादव के जन्मदिन पर सपाइयों का संकल्प, अबकी बार मुख्यमंत्री के रूप में मनाएंगे जन्मदिन

**ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** समाजवादी पार्टी के जिला मीडिया प्रभारी साजिद हसन ने बताया कि आज सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का जन्मदिन सपा कार्यालय पर जिलाध्यक्ष प्रमोद त्यागी के नेतृत्व में पूरे जोश व हर्ष के साथ मनाया गया। सपा जिलाध्यक्ष प्रमोद त्यागी ने जन्मदिन कार्यक्रम में सम्बोधन में कहा कि यूपी को सपा सरकार के दौरान अखिलेश यादव ने शिक्षा,स्वास्थ्य, विकास कार्यो व विश्वस्तरीय योजनाओं से पूरे देश मे पहचान दी जिसको जनता आज भी याद करके 2022 में सपा सरकार लाने को उत्सुक बैठी हैं। पूर्व मंत्री उमा किरण व पूर्व प्रत्याशी मीरापुर हाजी लियाकत अली ने भाजपा सरकार को प्रत्येक क्षेत्र में फ्लॉप बताते हुए प्रदेश की तरक्की के लिए अखिलेश यादव को ही एकमात्र विकल्प बताया। पूर्व प्रत्याशी चरथावल मुकेश चौधरी व पूर्व विधायक अनिल कुमार ने कहा कि भाजपा की नफरत की राजनीति व जनता के मुद्दों पर भाजपा की खामौशी,बढ़ती महंगाई से जनता त्रस्त होकर अखिलेश यादव को फिर से मुख्यमंत्री बनाना देखना चाहती है। पूर्व सदर विधानसभा प्रत्याशी राकेश शर्मा व अधिवक्ता



सभा जिलाध्यक्ष रविन्द्र कुमार एडवोकेट ने वोटर कैम्प व प्रत्येक बूथ पर पहुंच के माध्यम से जनता में जागरूकता व वोट बनवाने के उद्देश्य को पूरा करने का आह्वान किया। संचालन करते हुए सपा जिला महासचिव जिया चौधरी व सपा जिला मीडिया प्रभारी साजिद हसन ने कहा कि 2022 में सपा सरकार लाने के लिए गांव गांव गली गली मेहनत करने की जरूरत है। सपा जिला कोषाध्यक्ष सचिन अग्रवाल पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष सतीश गुर्जर व व्यापार सभा जिलाध्यक्ष राहुल वर्मा ने सभी कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि आपसी मतभेद भुलाकर सपा सरकार बनाने व हाईकमान जिसको भी प्रत्याशी बनाये एकजुट होकर कामयाब करे। मीटिंग के बाद सभी ने मिलकर सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के जन्मदिन पर केक काटकर खुशी का इजहार किया। प्रोग्राम में विन्यपाल प्रमुख,अब्दुल्ला राणा,गौरव जैन,उमेश त्यागी,निधिशराज गर्ग,विक्रांत सिंह,नासिर राणा,असद पाशा,डॉ इसरार अल्वी,दीपक गम्भीर,डॉ नूरहसन सलमानी,हिमांशु शर्मा, उमर खान,मोनु जैदी,संजीव शास्त्री,दीप्ती पाल, शिवम त्यागी,आमिर डीलर,रोहन त्यागी, टीटू मलिक,विनोद शर्मा, आशीष त्यागी, सावन कुमार एडवोकेट, दिलनवाज सलमानी, गौरव त्यागी, हसीब राणा,फरमान अली,तनिष्क चौधरी, शाहवर खान,सागर राठी आदि मौजूद रहे।

## निर्धन कन्या के विवाह में किया सहयोग



**मेरठदर्पण–मेरठ।** कंकर खेड़ा वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति की ओर से निर्धन कन्या के विवाह में सहायता करने हेतु मेंहदी मौहल्ला की कन्या के परिवार को नकद धनराशि एवम् दहेज का सामान कन्यादान स्वरूप भेंट किया गया।समिति अध्यक्ष महेन्द्र कुमार रस्तोगी ने कहा कि निर्धन परिवार की सहायता करना सभी का कर्तव्य बनता है। वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति समाज सेवा के कार्यों में हमेशा अग्रणी रही है तथा आगे भी प्रयास करती रहेगी। इस अवसर पर सुमन कान्त अरोरा,अजय मोहन शर्मा, मुल्क राज,शशि बाला,हेमलता यादव, आशा शर्मा उपस्थित रहे।

## डॉक्टर्स डे के उपलक्ष में फ्री ओपीडी कैंप का आयोजन



**मेरठदर्पण–मेरठ।** लोकप्रिय के निदेशक डा०रोहित रविंद्र जी ने फ्री ओपीडी कैंप का आयोजन किया। कैंप में लगभग 300 से अधिक मरीजों को मुफ्त चिकित्सकीय परामर्श दिया गया। चिकित्सक दिवस पर मुफ्त परामर्श देने वाले चिकित्सकों में मुख्य रूप से डॉक्टर रोहित रविंद्र,डॉ तनुराज सिरोही,डॉक्टर आयुष जैन , डॉ अजय गुप्ता,डॉ भरत सुखीजा,डॉक्टर आरुषी सिंह, डॉ आनंद ,डॉ विशाल विश्नोई ,डॉ संजय वर्मा,डॉक्टर रिद्धि वर्धन,डॉ शांतनु त्यागी ,डॉ हरिओम त्यागी, डॉक्टर ईशा खनूजा,डॉ पी डी शर्मा डाद्गजीनूप्रिया त्यागी, डॉक्टर ऐश्वर्या राज,डॉक्टर अभिषेक मोहन, डॉक्टर वीरेन्द्र खोखर आदि ने सेवाएं दीद्यलोकप्रिय हॉस्पिटल द्वारा आयोजित कैंप में ओपीडी दिखाने वाले मरीजों को आज के दिन ब्लड, शुगर,एक्स–रे,अल्ट्रासाउंड ,डत्प आदि पर 25: की छूट दी गयीद्यकैंप के सफल आयोजन के लिए निदेशक डॉ रोहित रविंद्र ने सभी स्टाफ का आभार प्रकट किया। कैंप में मुख्य रूप से डा.परमजीत रावत, हेमन्त शर्मा, दिनेश प्रधान,मेट्रन वत्सला, प्रदीप पवार, ;षि कुमार, नितिन भाटी, ;षभ अग्रवाल आदि ने कैंप में अपनी सेवाएं दी।

## आद्याया न्यूट्रिशन पॉइंट का उद्घाटन



**मेरठ दर्पण–मेरठ।** कंकर खेड़ा सरस्वती शिशु मन्दिर के सामने सरधना रोड पर आद्याया न्यूट्रिशन पॉइंट का उद्घाटन हुआ। जिसमे मुख्य अतिथी के रूप मे महानगर अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी मुकेश सिंघल व महानगर उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी पंडित संजय त्रिपाठी ने फीता काटकर किया। इस दौरान विभोर चोधरी , मंडल महामंत्री अक्षय चोधरी, पंडित प्रवेश त्रिपाठी, ठाकुर पंकज सिंह, प्रदिप सिंह नायल, जितेंद्र शर्मा, अभिषेक मिश्रा आदि उपस्थित रहे।।

## हेल्थ सेक्टर में बायोमेडिकल इंजीनियर की अहम भूमिकाः प्रो डॉ राजीव दत्ता

**मेरठदर्पण–मेरठ।** शोभित विश्वविधालय में डॉक्टर्स डे पर वेबिनार का आयोजन किया गया। इस वेबिनार का उद्देश्ये डॉक्टर्स डे पर उनके योगदान के लिए आभार व्यक्त करते हुए बायोमेडिकल इंजीनियरिंग के योगदान पर चर्चा करना था। बायोमेडिकल इंजीनियरिंग द्वारा उपलब्ध कराई गई सुविधाओं ने किस तरह से डॉक्टर्स की प्रैक्टिसिंग लाइफ को आसान कर दिया इस विषय पर चर्चा करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ माया दत्त जोशी के द्वारा डॉक्टर्स की महत्ता एवं बायोमेडिकल इंजीनियरिंग में मेडिकल एंड टेक्नोलॉजी को इंटेग्रटे करने की महत्ता को बताया . डॉ सुधीश शुक्ल, ने डॉक्टर्स डे की थीम पर प्रकाश डालते हुए सेशन को आगे बढ़ाया।

कुलपति प्रो डॉ अमर गर्ग ने बताया की सर्वव्यापी महामारी में किस तरह से डॉक्टर्स ने अपना योगदान दिया है । महामारी बहुत कठिन थी सभी विकसित एंड विकासशील देशो ने अपने आप को असक्षम पाया। किसी भी देश की सुविधाएं कोरोना के लिए प्रॉपर नहीं थी ऐसे में




डॉक्टर्स ने बहुत बड़ा योगदान दिया। उन्होंने न अपने परिवार को देखा ना ही खुद की कंडीशन को देखा सिर्फ अपने कर्तव्य को निभाया। "हमे डॉक्टर्स पर गर्व हैं"। उनके बिना इतनी मुश्किल कंडीशन को नहीं संभाला जा सकता था। हमे भी उनका आभार व्यक्त करना चाहिए ।

प्रो डॉ राजीव दत्ता, डीन स्कूल ऑफ बायोलॉजिकल इंजीनियरिंग एंड लाइफ साइंसेज ने बायोमेडिकल के विशेष योगदान पर प्रकाश डाला एवं बताया कैसे बायोमेडिकल इंजीनियरिंग हेल्थ सेक्टर के डिफरेंट डोमेन्स में कंट्रीब्यूट कर रहा है। महामारी और रेगुलर हेल्थ प्रैक्टिसेज को हैंडल करने में टेक्नोलॉजी अपने आप मे एक विशेष महत्त्व रखती है। बायोमेडिकल इंजिनीर्स किस तरह से टेक्नोलॉजी एंड मेडिकल के बीच के गैप को भर रहे है। वो किस तरह से हेल्थ सेक्टर में कंट्रीब्यूट करते है। उनके अनुसार टेक्नोलॉजी का मेडिकल में इंटीग्रेशन बायोमेडिकल इंजिनीर्स की देन है। उन्होंने बहुत सरे उदाहरण देते हुए बताया किस तरह से इंजीनियरिंग कैलकुलेशन एंड प्रिंसिपल्स आवशयक है हेल्थ मैनेजमेंट यूजिंग आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस सिस्टम, बायोनिक्स, ओर्थोटिक्स , प्रोस्थेटिक्स, क्लीनिकल इंजीनियरिंग, नैनोमेडिसिन , बायोमेडिकल इलेक्ट्रॉनिक्स, रिहैबिलिटेशन इंजीनियरिंग इत्यादि।

## डॉ सोमेन्द्र तोमर ने रिठानी अंत्येष्टि स्थल पर कार्यकर्ताओं के साथ किया पौधारोपण

**मेरठ दर्पण–मेरठ।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर पौधारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत गुरुवार को मेरठ दक्षिण विधायक डॉ. सोमेन्द्र तोमर ने रिठानी मंडल के कार्यकर्ताओं के साथ रिठानी अंत्येष्टि स्थल पर पौधरोपण किया। इस दौरान रिठानी मंडल अध्यक्ष प्रेम चन्द पाल, रिठानी व्यापार संघ अध्यक्ष सुनील वर्मा, मंडल महामंत्री अमरीश चपराना, अमरीश कोरी, सुरेन्द्र कुमार, रिंकू शर्मा, नितिन गुर्जर, सुरेश सैनी, ओमप्रकाश आदि मौजूद रहे।



# रोटरी क्लब मुजफ्फरनगर कुटुंब द्वारा सेवा के लिए एक सराहनीय कदम, शुरू की गई कुटुंब की रसोई







**ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** रोटरी के नए सत्र की शुरुआत 1 जुलाई, 2021 दिन बृहस्पतिवार को रोटरी क्लब मुजफ्फरनगर कुटुम्ब के द्वारा ष्कुटुम्ब की रसोईष् की शुरूआत के साथ की गयी। इस कार्यक्रम के द्वारा जरूरतमंद लोगों को 5 में भरपेट भोजन कराया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 500 व्यक्तियों ने भोजन ग्रहण किया। क्लब के नवनिर्वाचित अध्यक्ष रो. डॉ रजत जिंदल ने बताया कि आगे भी यह कार्यक्रम हर 15 दिन में किया जाने का प्रयास रहेगा। उन्होंने बताया कि रोटरी क्लब कुटुम्ब कई वर्षो से सामाजिक कार्य करता आया है और आगे भी करता रहेगा। आज के कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगो को फ्री की आदत को छोड़कर स्वाभिमान के साथ रहने और राष्ट्र की उन्नति मे सहयोग करना था। इस कार्यक्रम का शुभारंभ रोटरी मंडल के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन अशोक गुप्ता जी और बीजेपी के जिला अध्यक्ष विजय शुक्ला जी द्वारा दीप प्रजल्वन एवम माँ अन्नपूर्णा को फूल अर्पण के साथ किया गया। कार्यक्रम में अन्य रोटरी क्लब के सदस्य सुनील अग्रवाल, उमेश आकाश , कोशल व अन्य समाजसेवी अचिन मित्तल बीजेपी सहमीडिया प्रभारी, विपुल भटनागर सभासद, विशाल गर्ग श्री पंकज माहेश्वरी , शुभम, प्रांशु सभासद, आदि का सहयोग रहा। सभी आगन्तुकों ने नवनिर्वाचित क्लब अध्यक्ष रो. डॉ रजत जिंदल, सचिव रो. निशांत गर्ग, कोषाध्यक्ष रो. अनुराग सिंहल को बधाई दी व कार्यकम की सराहना करते हुए डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रो. अशोक गुप्ता जी ने कहा इस कार्यकम में से रोटरी क्लब कुटुम्ब की छवि समाज मे एक नये रूप में दिखाई देगी तथा अन्न दान को सर्व श्रेष्ठ दान बताया। कार्यक्रम के संयोजक रो. मयंक सिंघल, रो. आलोक गुप्ता व रो. पवन अग्रवाल के साथ रो. दीपक अरोरा जी, रो. निशांत कुच्छल जी, रो. संजय सिंहल जी, रो. संजय गर्ग जी, रो. कपिल बंसल जी, रो. लोकेश गर्ग जी, रो. प्रफुल्ल गोयल जी, रो. पंकज सिंहल जी, रो. अमित गुप्ता जी, रो. मुकेश गोयल जी, रो. गोपाल बंसल जी, रो. श्याम जी, रो. अभिषेक, रो. अमित गोयल ब।, रो. अंकित गोयल जी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सचिव रो. निशांत गर्ग जी व कोषाध्यक्ष रो. अनुराग सिंघल जी द्वारा आये हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया।

## वेस्ट यूपी भाजपा ने खड़ी की सोशल मीडिया टीम, रक्षित नामदेव को मिली मुजफ्फरनगर में मुख्य जिम्मेदारी

**ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश में आने वाले विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए भारतीय जनता पार्टी ने बड़े पैमाने पर तैयारियां शुरू कर दी हैं। वेस्ट यूपी बीजेपी के अध्यक्ष मोहित बेनीवाल ने पिछले सप्ताह मोर्चो के अध्यक्ष घोषित किए थे। अब बुधवार की देर रात जिला और महानगर स्तर पर सोशल मीडिया संभालने के लिए समन्वयक और सह समन्वयकों की नियुक्ति की हैं। मोहित बेनीवाल ने 57 पढ़े-लिखे नवयुवकों को यह जिम्मेदारी सौंपी है। मोहित बेनीवाल ने बताया कि पश्चिम क्षेत्र भारतीय जनता पार्टी के दायरे में 14 जिले और 5 महानगर शामिल हैं। जिलों और महानगरों में सोशल मीडिया संभालने के लिए एक समन्वयक और दो-दो सह समन्वयकों की नियुक्ति की गई है। इस तरह सभी 19 जिला और महानगर इकाइयों में 57 नवयुवकों को यह दायित्व सौंपा गया है। यह टीम ट्विटर, फेसबुक और दूसरे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर सक्रिय रहेगी। अपने-अपने जिले के अलावा प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रमों, अभियान और सूचनाओं को आम आदमी तक पहुंचाएगी। जिला मुजफ्फरनगर में रक्षित नामदेव, तरुण त्यागी और आदित्य जैन को मिली जिम्मेदारी।



## नगर पालिका अध्यक्षा अंजू अग्रवाल द्वारा कमला नेहरू वाटिका में वृक्षारोपण करते हुए दिया गया हरियाली का संदेश




**ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** जनपद मुजफ्फरनगर के नगरीय क्षेत्र में नगर पालिका अध्यक्षा अंजू अग्रवाल द्वारा सांकेतिक वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया जनपद को हरा भरा बनाने एवं साफ सुथरा करने के लिए अध्यक्षा अंजू अग्रवाल हमेशा इसके लिए प्रयासरत है जो सफल हो रहा है और देखा जाए तो स्वच्छ भारत और हरा भरा माहौल कहीं ना कहीं दिखाई भी देने लगा है उसी क्रम में जन समर्पित नगर पालिका अध्यक्षा अंजू अग्रवाल द्वारा सांकेतिक वृक्षारोपण कार्यक्रम चलाया गया जिसमें कमला नेहरू वाटिका में सांकेतिक वृक्षारोपण कार्यक्रम नगर पालिका परिषद मुजफ्फरनगर के बैनर तले वृक्षारोपण किया गया अंजू अग्रवाल द्वारा कमला नेहरू वाटिका में वृक्ष लगाए गए जनपद को हरा भरा बनाने एवं अश्वक्सीजन युक्त बनाने के लिए वृक्षारोपण का कार्यक्रम 1 जुलाई से जारी किया गया है जिसमें अधिक से अधिक वृक्षारोपण किया जाएगा इस अवसर पर पालिका अध्यक्षा अंजू अग्रवाल और वार्ड 50 सभासद अब्दुल सत्तार सभासद आदि सभासद गण एवं नगर पालिका के कर्मचारी गण एवं अध्यक्ष स्टेनो गोपाल त्यागी एवं समाज सेवी एसके बिट्टू आदि मौजूद रहे।



**सीए दिवस के अवसर पर मुजफ्फरनगर के जानसठ रोड स्थित सीए शाखा पर सभी चार्टर्ड अकाउंटेंट द्वारा किया गया वृक्षारोपण इस मौके पर जनपद मुजफ्फरनगर से सभी चार्टर्ड अकाउंटेंट उपस्थित रहे।**

## तीन युवकों ने मिलकर की युवक की हत्या पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की



**ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** जनपद मुजफ्फरनगर के भोपा थाना क्षेत्र एक युवक की हत्या होने से सनसनी फैल गई आपको बता दें पूरा मामला भोपा थाना क्षेत्र के गांव बरूकी निवासी का है जहां तीन युवकों ने मिलकर एक युवक की हत्या को अंजाम दे दिया मृतक युवक के पिता ने गांव के गजेंद्र ,गगन व गादला निवासी एक अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है भोपा थाना क्षेत्र के गांव बरुकी निवासी गंगाराम ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि गांव के ही दो युवक गजेंद्र,गगन व पड़ोस के गांव गादला निवासी एक युवक बीती देर शाम उसके बेटे मोहित 30 वर्ष को घर से बुलाकर ले गए थे। आरोप है कि तीनों ने मिलकर गादला शराब के ठेके पर उसकी हत्या कर दी जिसके गले पर चोट के निशान है। पुलिस ने मामले में मुकदमा दर्ज करके शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और आगे की कार्यवाही में जुट गई है।

## जनपद मुजफ्फरनगर की थाना शाहपुर पुलिस को मिली सफलता त्वरित कार्यवाही करते हुए दबोचे हत्या के वांछित



**ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** जनपद मुजफ्फरनगर की थाना शाहपुर पुलिस द्वारा 30 जून को ग्राम कुटबा में पानी विवाद को लेकर हुई हत्या में वांछित 2 अभियुक्तगण को तमंचो व कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया उप0निरीक्षक राहुल कुमार द्वारा थाना शाहपुर के मु0आ0स0 219/2021 धारा 302/34 IPC के वाँछित अभियुक्तगण सोहनवीर उर्फ सोनू पुत्र ब्रजपाल व सुलभ उर्फ मोनू पुत्र राजेन्द्र नि0 ग्राम कुटबा थाना शाहपुर जनपद मु0नगर को ग्राम गढीबहादुरपुर की नहर पुल की पटरी से हत्या में प्रयुक्त तमंचो व कारतूस के साथ दबोचा । घटनास्थल – ग्राम गढीबहादुरपुर की नहर पुल की पटरी गिरफ्तार अभियुक्तगण सुलभ उर्फ मोनू पुत्र राजेन्द्र नि0 ग्राम कुटबा थाना शाहपुर जनपद मुजफ्फरनगर सोहनवीर उर्फ सोनू पुत्र ब्रजपाल नि0 ग्राम कुटबा थाना शाहपुर जनपद मु0नगर बरामदगी हत्या में प्रयुक्त 2 अदद नाजायज तमंचे .315 वोर मय 05 अदद जिन्दा कारतुस 315 बोर एक अदद एल्टो कार न0 यूपी12 ए एच 3867।

## साक्षी वेलफेयर ट्रस्ट की अध्यक्ष क्रांतिकारी शालू सैनी को मिला क्रांतिवीर योद्धा का अवॉर्ड

**ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।**कोरोना काल मे कोरोना से मृतको के अंतिम संस्कार व अस्थि विसर्जन जैसे साहसी कार्यो के लिए इनरहव्हिल क्लब द्वारा रोटरी भवन में एक भव्य कार्यक्रम में साक्षी वेलफेयर एसोसिएशन की अध्यक्ष शालू सैनी को ससम्मान कार्यक्रम का ऑनर बनाया गया व क्रांतिवीर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। मीडिया से खास बातचीत में क्रान्तीकारी शालू सैनी ने बताया कि कोरोनकाल में जो परिजन किसी भी कारण वश अपने परिवार में किसी भी मृतक का अंतिम संस्कार नही कर पा रहे थे, उनका अंतमि संस्कार अस्थि विसर्जन व मृतको की आत्मा की शांति के लिए शुक्रतीर्थ में हवन सभी कार्य धर्म के अनुसार साक्षी वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा किये गए थे ओर आगे



भी ये कार्य जारी रहेगा। इनरहव्हिल क्लब में प्रसिडेंड श्रीमती संतोष शर्मा द्वारा क्रांतिवीर योद्धा का सम्मान देने पर साक्षी वेलफेयर ट्रस्ट की समस्त टीम ने धन्यवाद अदा किया।।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, अंकित गुप्ता ने 'मेरठ दर्पण' न्यू गोस्वामी प्रिन्टिंग प्रेस, 44, हनुमानपुरी सूरज कुण्ड रोड़, मेरठ से छपवाकर कार्यालय 12 मैथनिया मौहल्ला, कंकरखेडा, मेरठ कैट (उ.प्र.) से प्रकाशित किया।
सम्पादक- अंकित गुप्ता RNI NO. UPHIN 2016/69845 फोन॰ 9897419837 Email : mrtdarpan@gmail.com
मेरठ दर्पण में प्रकाशित समस्त रचनाओं एवं विज्ञापनदाताओं के अपने विचार है इसके लिए मेरठ दर्पण की किसी भी तरह की जिम्मेदारी नहीं है। किसी भी विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र मेरठ ही होगा।